# Microsoft License Terms

OBJ

**MICROSOFT सेवा अनुबंध का संपूरक दस्तावेज़**
**MICROSOFT 365 उपभोक्ता सदस्यता में OFFICE सेवा और सॉफ़्टवेयर**

**जनवरी 2023 को अंतिम अद्यतन किया गया**

**Microsoft 365 उपभोक्ता सदस्यता चुनने के लिए धन्यवाद!**

आपकी Microsoft 365 सदस्यता ("सेवा/सॉफ़्टवेयर") में शामिल Office सेवा और सॉफ़्टवेयर का आपका उपयोग Microsoft सेवा अनुबंध के नियमों और शर्तों से प्रशासित है, जिसे आपने Microsoft खाते (नीचे लिंक किया गया है) के लिए साइन अप करते समय स्वीकार किया था और इस पूरक के नियम और शर्तें (सामूहिक रूप से, "अनुबंध"), जो इस संपूरक में सूचीबद्ध वेब लिंक में निहित अन्य शर्तों के साथ (यदि कोई हो) आपके और Microsoft Corporation के बीच एक अनुबंध है (या, जहां आप निवास करते हैं, उसके आधार पर एक इसके सहयोगी). किसी डिवाइस पर सेवा/सॉफ्टवेयर को इंस्टाल या उपयोग करते समय एक अलग लाइसेंस प्रस्तुत किया जा सकता है और अनुबंध के साथ किसी भी विरोधाभास की हद तक वह अलग लाइसेंस लागू होगा. आपको किसी भी संबद्ध शर्तों सहित इस संपूर्ण पूरक दस्तावेज़ की समीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि ये सभी शर्तें महत्वपूर्ण हैं और आप पर लागू होने वाले अनुबंध का सृजन करती हैं. आप अपनी ब्राउज़र विंडो में लागू लिंक को पेस्ट करके संबद्ध शर्तों की समीक्षा कर सकते हैं. Microsoft सेवा अनुबंध और इस संपूरक के बीच किसी भी विरोध की स्थिति में, यह संपूरक आपके द्वारा सेवा/सॉफ़्टवेयर के उपयोग को नियंत्रित करेगा.

**इस पूरक दस्तावेज़ को स्वीकार करके या सेवा और सॉफ़्टवेयर का प्रयोग करके, आप इस सभी शर्तों से सहमत होते हैं और Microsoft सेवा अनुबंध में वर्णित और नीचे इस पूरक दस्तावेज़ में संबद्ध Microsoft गोपनीयता कथन के अनुसरण में सक्रियण के दौरान और आपके द्वारा सॉफ़्टवेयर के उपयोग के दौरान कतिपय सूचना का संचरण करने की अनुमति देते हैं. यदि आप इन शर्तों को स्वीकार नहीं करते हैं और इनका पालन नहीं करते हैं, तो आप सेवाओं, सॉफ़्टवेयर या उनकी सुविधाओं का उपयोग नहीं कर सकते हैं.**

1. **इंस्टालेशन और उपयोग के अधिकार; सक्रियण.**

   **लाइसेंस;** साइन इन किए गए उपयोगकर्ताओं और डिवाइसों की संख्या; अन्य आवश्यकताएं. सेवा/सॉफ़्टवेयर का लाइसेंस दिया गया है, इसे बेचा नहीं गया है. बशर्ते कि आप अनुबंध की सभी शर्तों का अनुपालन करते हैं, हम आपको अपने खुद के और आपके द्वारा नियंत्रित डिवाइसों पर और आपके निजी उपयोग के लिए सेवा/सॉफ़्टवेयर इंस्टाल करने और उसकी कॉपियाँ चलाने का अधिकार निम्नानुसार प्रदान करते हैं:

   (i)<u>Microsoft 365 फ़ैमिली सदस्यता</u>. आपके और पॉच (5) अतिरिक्त व्यक्तियों (कुल छह उपयोगकर्ताओं तक) द्वारा उपयोग के लिए.

   (ii)<u>Microsoft 365 निजी सदस्यता.</u> केवल आपके द्वारा उपयोग के लिए.

   (iii)<u>साइन इन की गई डिवाइस.</u> किसी उपयोगकर्ता द्वारा सेवा/सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए एक साथ साइन इन की जा सकने वाली डिवाइसों की संख्या पर तकनीकी सीमाएं हो सकती हैं, जैसा कि https://go.microsoft.com/fwlink/?linkid=874481 पर मदद लेख में वर्णित है.

   (iv)<u>अन्य आवश्यकताएँ</u>. ऊपर अनुभाग 1.क(i) में अनुमत किए अनुसार के सिवाय, एक बार में केवल एक व्यक्ति प्रत्येक डिवाइस पर सेवा/सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर सकता है. सॉफ़्टवेयर के घटक एक इकाई के रूप में लाइसेंसीकृत होते हैं, और आप संभवतः घटकों को अलग-अलग या परिवर्तित नहीं कर सकते हैं और उन्हें भिन्न डिवाइस पर स्थापित नहीं कर सकते हैं. नीचे "दूरस्थ पहुँच" के अंतर्गत स्वीकृत उपयोग हेतु बताए गए उपयोग को छोड़कर, यह लाइसेंस किसी डिवाइस के कीबोर्ड, माउस, या टचस्क्रीन जैसी इनपुट प्रक्रियाओं के माध्यम से सॉफ़्टवेयर के प्रत्यक्ष उपयोग हेतु दिया गया है. सॉफ़्टवेयर के किसी सर्वर पर या किसी आंतरिक या बाह्य नेटवर्क पर सर्वर से जुड़ी अन्य डिवाइस के द्वारा या माध्यम से इंस्टालेशन और व्यावसायिक होस्टिंग पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध है। एकाधिक उपयोगकर्ता परिदृश्यों और वर्चुअलाइज़ेशन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, नीचे अनुभाग 1.घ देखें.

**ब.सदस्यता अवधि/लाइसेंस अवधि.** आपका सेवा/सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने का अधिकार सदस्यता अवधि तक सीमित है. आपके पास अपनी सदस्यता की अवधि बढ़ाने का विकल्प हो सकता है. यदि आप अपनी सदस्यता की अवधि बढ़ाते हैं, तो आप अपनी सदस्यता की बढ़ाई गई अवधि तक इस सेवा/सॉफ़्टवेयर का उपयोग करना जारी रख सकते हैं. सदस्यता के विवरण के लिए सॉफ़्टवेयर सक्रियण स्क्रीन या साथ उपलब्ध कराई गई अन्य सामग्रियाँ देखें. आपकी सदस्यता अवधि के समाप्त होने पर, इस सेवा और सॉफ़्टवेयर की ज़्यादातर सुविधाओं का चलना बंद हो जाएगा.

**स.सक्रियकरण.**

(i)यह कैसे काम करता है. सक्रियण, सेवा/सॉफ़्टवेयर के उपयोग को किसी विशिष्ट डिवाइस के साथ संबद्ध करता है. उस प्रत्येक डिवाइस के लिए सक्रियण आवश्यक है जिसे कोई सॉफ़्टवेयर लाइसेंस निर्दिष्ट किया गया है. सक्रियण के दौरान, सॉफ़्टवेयर Microsoft या उसके सहभागी से स्वतः संपर्क करके इसकी पुष्टि करेगा कि लाइसेंस उस डिवाइस से संबद्ध है या नहीं. चूंकि सक्रियण का उद्देश्य सॉफ़्टवेयर की लाइसेंसिंग या सक्रियण प्रकार्यों में अनधिकृत परिवर्तनों को पहचानना, और सॉफ़्टवेयर के बिना लाइसेंस उपयोग का अन्यथा निवारण करना है, आपको सक्रियण के लिए स्वीकृत समय के बाद सेवा/सॉफ़्टवेयर के उपयोग का कोई अधिकार नहीं है और आप सक्रियण की उपेक्षा या उसे नाकाम नहीं कर सकते हैं. यदि आप आरंभिक सक्रियण के स्वीकृत समय के दौरान उत्पाद कुंजी दर्ज नहीं करते, तो सेवा और सॉफ़्टवेयर की अधिकांश सुविधाएँ रुक जाएंगी.

(ii)Microsoft से कनेक्ट करना. सक्रियण के बारे में अधिक जानकारी के लिए, microsoft.com/piracy/activeation.mspx देखें. यदि डिवाइस को इंटरनेट से कनेक्ट किया हुआ है, तो सॉफ़्टवेयर सक्रियण के लिए स्वतः Microsoft से कनेक्ट हो जाएगा. आप सॉफ़्टवेयर को इंटरनेट के द्वारा मैन्यूअल रूप से भी सक्रिय कर सकते हैं. इंटरनेट सेवा प्रभार लागू हो सकते हैं.

(iii)पुनः-सक्रियण. आपकी डिवाइस के घटकों या सॉफ़्टवेयर में कुछ परिवर्तनों के लिए सॉफ़्टवेयर के पुनः-सक्रियण की जरूरत पड़ सकती है.

(iv)सक्रियण विफलता. ऑनलाइन सक्रियण के दौरान, यदि सॉफ़्टवेयर के लाइसेंसीकरण या सक्रियण फ़ंक्शन नकली या गलत ढंग से लाइसेंसीकृत पाए जाते हैं, तो सक्रियण प्रक्रिया विफल हो जाएगी. यह सॉफ़्टवेयर आपको सूचित करेगा कि सॉफ़्टवेयर की स्थापित की गई प्रति गलत ढंग से लाइसेंसीकृत की गई है या नहीं. इसके अलावा, आपको सॉफ़्टवेयर की उचित रूप से लाइसेंसीकृत प्रति प्राप्त करने के लिए अनुस्मारक प्राप्त होंगे.

**द.एकाधिक उपयोग परिदृश्य.**

(i)डिवाइस. इस अनुबंध में, “डिवाइस” का अर्थ है एक ऐसा कंप्यूटर हार्डवेयर सिस्टम (चाहे भौतिक या वर्चुअल) जिसमें सॉफ़्टवेयर रन करने में सक्षम एक भंडारण डिवाइस या मोबाइल डिवाइस भी हो. किसी हार्डवेयर विभाजन या ब्लेड को एक डिवाइस माना जाता है.

(ii)एकाधिक या पूल किए गए कनेक्शन्स. आप मल्टीप्लेक्स या पूल कनेक्शन हेतु हार्डवेयर या सॉफ़्टवेयर का उपयोग नहीं कर सकते हैं, या अनेक उपयोगकर्ताओं या अनेक डिवाइसों को पहुँच बनाने की अथवा किसी डिवाइस के माध्यम से सॉफ़्टवेयर के अप्रत्यक्ष उपयोग की अनुमति नहीं दे सकते.

(iii)वर्चुअलाइज़्ड परिवेश में उपयोग करना. यदि आप क्लाइंट hyper-v सहित वर्चुअलाइज़ेशन सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके एक अकेले कंप्यूटर हार्डवेयर सिस्टम पर एक या अधिक वर्चुअल डिवाइसों का निर्माण करते हैं, तो इस अनुबंध के उद्देश्य के तहत, प्रत्येक वर्चुअल डिवाइस, और भौतिक डिवाइस, को एक अलग डिवाइस माना जाता है। यह लाइसेंस आपको ऊपर इंस्टालेशन और उपयोग के अधिकार के तहत स्वीकृत प्रत्येक डिवाइस पर इस सॉफ़्टवेयर की केवल एक प्रति को स्थापित और उपयोग करने का अधिकार देता है, चाहे वह डिवाइस भौतिक हो या वर्चुअल. यदि आप सॉफ़्टवेयर को वर्चुअल बनाना चाहते हैं, तो आपको सॉफ़्टवेयर की अलग-अलग प्रतियाँ प्राप्त करनी होंगी और प्रत्येक प्रति के लिए एक अलग लाइसेंस प्राप्त करना होगा. डिजिटल राइट्स मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी या अन्य पूर्ण-वॉल्यूम डिस्क ड्राइव एन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी द्वारा रक्षित सामग्री वर्चुअलाइज़्ड परिवेश में कम सुरक्षित हो सकती है.

(iv)दूरस्थ पहुँच: इसके अपवाद के रूप में, आप अन्य लोगों से केवल तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए उन्हें आपके डिवाइसों पर इंस्टाल किए गए सॉफ़्यवेयर को दूरस्थ रूप से और किसी अन्य डिवाइस से उसी समय एक्सेस करने की अनुमति दे सकते हैं.

2. **अतिरिक्त लाइसेंसिंग प्रतिबंध और आवश्यकताएं.**

**अ.Microsoft 365 मिलिटरी ऐप्रिसिएशन सदस्यता.** आपको "मिलिटरी ऐप्रिसिएशन" सदस्यता के रूप में निर्दिष्ट सेवा/सॉफ़्टवेयर की सदस्यता लेने और उसका उपयोग करने के लिए "योग्य सेना उपयोगकर्ता" होना चाहिए. एक योग्य मिलिटरी उपयोगकर्ता होने के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका में, आपको लागू यू.एस. के अनुसार सशस्त्र सेवा एक्सचेंजों का अधिकृत संरक्षक होना चाहिए. फ़ेडरल कानून और विनियम.

**ब.कैनेडियन सेना सदस्यता.** आपको "कैनेडियन सेना" सदस्यता के रूप में निर्दिष्ट सेवा/सॉफ़्टवेयर की सदस्यता लेने और उसका उपयोग करने के लिए "CANEX अधिकृत पैट्रन" होना चाहिए. CANEX अधिकृत पैट्रन होने के लिए, आपको ये होना चाहिए

- कैनेडियन सेना (CF) का सेवारत सदस्य या उनकी पति-पत्नी;
- कैनेडियन सेना रिज़र्व सेना का सदस्य;
- कैनेडियन सेना के सेवा निवृत सदस्य या DND पेंशन प्राप्त करने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा विभाग (DND) सिविल कर्मचारी;
- स्थायी पूर्ण-कालिक या अंश-कालिक नॉन-पब्लिक फ़ंड (NPF) या DND कर्मचारी या और उनके पति-पत्नी;
- CANEX कंसेशनेयर (केवल प्रिंसिपल);
- योग्य विदेशी सैनिक कर्मचारी;
- सेवा निवृत NPF कर्मचारी जिन्हें NPF पेंशन मिलती हो;
- वैकल्पिक सेवा डिलीवरी कॉन्ट्रैक्टर के पूर्ण कालिक कर्मचारी;
- CF कर्मचारियों की विधवा जिसे चाइल्ड फैमिली एक्ट, डिफेंस सर्विस पेंशन कॉन्ट्रीब्यूशन एक्ट, या पेंशन एक्ट या वार वेटरन अलाउंस एक्ट के अंतर्गत पेंशन मिलती हो;
- कैनेडियन कोर ऑफ़ कमीशनेयर्स के सदस्य जब बेस/विंग पर रहते हों या कार्यरत हों; या
- रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस का सदस्य.

**स.Home Use Program.** आपको "Home Use Program" के रूप में निर्दिष्ट सेवाओं/सॉफ़्टेवयर का प्रयोग करने के लिए "घरेलू प्रयोग प्रोग्राम उपयोगकर्ता" होना चाहिए. Home Use Program उपयोगकर्ता बनने के लिए, आपको उस संगठन का कर्मचारी होना चाहिए जिसके पास सक्रिय सॉफ़्टवेयर एश्योरेंस के साथ Microsoft सामूहिक लाइसेंस अनुबंध है या पूर्व में उसके पास सक्रिय सॉफ़्टवेयर एश्योरेंस था, या वह कतिपय मानदंड पूरे करता है. जब तक आप Home Use Program की अर्हता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, आप व्यापारिक प्रयोजनों के लिए सेवा/सॉफ़्टवेयर की सदस्यता ले सकते हैं और उपयोग कर सकते हैं. यदि आप इस संबंध में कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं कि आप Home Use Program उपयोगकर्ता के तौर पर योग्य है या नहीं, तो अपने नियोक्ता से संपर्क करें.

**द.पुनः बिक्री सदस्यता के लिए नहीं.** सभी पुनः बिक्री सदस्यता कार्ड सीमित प्रयोजनों के लिए वितरित नहीं किए जाते हैं. आप "NFR" या "पुनः बिक्री के लिए नहीं" के रूप में चिह्नित सदस्यता कार्ड नहीं बेच सकते हैं.

**ई.फ़ॉन्ट घटक.** जब यह सॉफ़्टवेयर चल रहा हो, तो आप इसके फ़ॉन्ट का उपयोग सामग्री के प्रदर्शन व मुद्रण के लिए कर सकते हैं. आप सामग्री को प्रिंट करने के लिए किसी प्रिंटर या अन्य आउटपुट डिवाइस पर फ़ॉन्ट को अस्थायी रूप से डाउनलोड कर सकते है, तथा आप फ़ॉन्ट के एम्बेडिंग प्रतिबंधों की अनुमतियों के अनुसार सामग्री में फ़ॉन्ट को एम्बेड कर सकते हैं.

**फ.गैर-व्यावसायिक उपयोग.** Microsoft सेवा अनुबंध में गैर-व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंध Microsoft 365 सदस्यता सेवाओं पर लागू नहीं होता है.

3. **अधिकारों की सुरक्षा और प्रतिक्रिया.** इस अनुबंध के अंतर्गत व्यक्त रूप से प्रदान की गई बातों के अलावा, Microsoft आपको किसी भी प्रकार का लाइसेंस या किसी भी पेटेंट, ज्ञान, कॉपीराइट, व्यापारिक रहस्य, ट्रेडमार्क, या अन्य बौद्धिक संपदा, जिसका स्वामित्व या नियंत्रण Microsoft या अन्य संबंधित निकाय के पास है, के अंतर्गत कोई लाइसेंस या अन्य अधिकार प्रदान नहीं करता, इनमें कोई भी नाम, ट्रेड ड्रेस, लोगो या समतुल्य शामिल है, पर इन तक

ही सीमित नहीं है. यदि आप Microsoft को कोई भी राय, प्रस्ताव, सुझाव या प्रतिक्रिया, इनमें बिना किसी सीमा के नए उत्पाद, प्रौद्योगिकियाँ, प्रचार, उत्पाद नाम, उत्पाद प्रतिक्रियाएँ और उत्पाद सुधार के लिए उपाय शामिल हैं, ("**प्रतिक्रिया**") प्रदान करते हैं, तो आप बिना किसी शुल्क, रॉयल्टी या अपने प्रति बाध्यता के Microsoft को आपकी प्रतिक्रिया का किसी भी तरीके या किसी भी उद्देश्य के लिए बनाने, बनाए गए, व्युत्पन्न कार्यों को बनाने, उपयोग करने, साझा करने और वाणिज्यिक करने का अधिकार देते हैं. आप ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे, जो किसी ऐसे लाइसेंस के अधीन हो जिसके लिए Microsoft को किसी तृतीय पक्ष को अपने सॉफ़्टवेयर, तकनीकों या दस्तावेज़ों का लाइसेंस देने की आवश्यकता होती है, क्योंकि Microsoft उनमें आपकी प्रतिक्रिया शामिल करता है.

4. **संपूर्ण अनुबंध.** यह पूरक दस्तावेज़ (Microsoft द्वारा प्रदत्त तथा आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर पूरकों, अद्यतनों, तथा सेवाओं से संबंधित शर्तों और किसी भी अलग लाइसेंस सहित जिसे डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर को इंस्टाल और उसका उपयोग करते समय प्रस्तुत किया जा सकता है), तथा इस पूरक दस्तावेज़ में सूचीबद्ध वेब लिंक्स में समाहित शर्तें, इस सेवा और सॉफ़्टवेयर तथा इसके ऐसे किसी भी पूरक दस्तावेज़, अद्यतन और सेवाओं के लिए संपूर्ण अनुबंध का निर्माण करती हैं (बशर्ते Microsoft ऐसे पूरक दस्तावेज़ों, अद्यतनों या सेवाओं के लिए अन्य शर्तें प्रदान न करे). आप अपने सॉफ़्टवेयर के चलने के बाद सॉफ़्टवेयर हेल्प स्क्रीन पर जाकर Microsoft सॉफ़्टवेयर लायसेंस की शर्तें लिंक पर क्लिक करके इस पूरक दस्तावेज़ की समीक्षा कर सकते हैं. आप इस अनुबंध में दिए गए किसी भी लिंक के URL को अपने ब्राउज़र के पता बार में टाइप करके भी शर्तों को पढ़ सकते हैं, और आप इसके प्रति सहमति व्यक्त करते हैं. आप समझते हैं कि सेवा का उपयोग करके, आप इस पूरक दस्तावेज़ और इससे लिंक की गई शर्तों को स्वीकार करते हैं. इस अनुबंध में सूचनात्मक लिंक भी दिए गए हैं. यहां उन शर्तों के लिंक दिए गए हैं जो आपको और हमें बांधे रखती हैं:

- Microsoft सेवा अनुबंध (aka.ms/msa)
- Microsoft गोपनीयता कथन (aka.ms/privacy)